# किसानों के समर्थन में कांग्रेस ने कलेक्टर कार्यालय घेरा

## किसानों ने कपड़े उतार कर किया विरोध प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**दतिया, 9 अप्रैल।** गुरुवार को न्यू कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर कांग्रेस कार्यकताओं ने कपड़े उतार कर विरोध प्रदर्शन किया एवं ज्ञापन दिया।

उन्होंने बताया कि ओलावृष्टि तेज हवा, बारिश से किसानों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई तथा किसानों के खेतों में बारिश का पानी भर गया जिससे खड़ी फसल सड़ गई गेहूं की सड़ चुकी फसल को लेकर



कलेक्टर कार्यालय घेराव में पहुंचे और जमकर भाजपा सरकार के खिलाफ नारे बाजी कर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कुर्ता, एवं शर्ट उतार कर विरोध प्रदर्शन किया एवं राज्यपाल के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अवधेश नायक, जिला कांग्रेस संगठन महासचिव नरेन्द्र गुर्जर, पूर्व कांग्रेस कांग्रेस रामकिंकर, शहर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अजय शुक्ला, सुरेश झा, जिला मीडिया प्रभारी अशोक श्रीवास्तव, रामकुमार मोंगिया, अभिषेक तिवारी, आदि अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# कल्लू कुशवाहा के निवास पर पहुंचे डॉ. मिश्रा

नवभारत न्यूज

**दतिया, 9 अप्रैल।** गुरुवार को प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा अल्प प्रवास पर दतिया पहुंचे जहां पर उन्होंने माई कृपा निवास पर उपस्थित कार्यकर्ताओं से मुलाकात की, इसके पश्चात स्वर्गीय पार्षद कल्लू कुशवाहा के निवास पर पहुंचकर चित्र पर माल्यार्पण कर शोक संवेदना व्यक्त की, साथ ही परिजनों से कहां चिंता करने की जरूरत नहीं पूरा मिश्रा परिवार आपके साथ इस दुख की घड़ी में आपके साथ खड़ा है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाहा भाजपा जिला महामंत्री अतुल भूरे चौधरी नगर पालिका



अध्यक्ष प्रतिनिधि भगवान सिंह कुशवाहा युवा मोर्चा अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा पार्षद मानसिंह कुशवाहा समाज के अध्यक्ष अजय कुशवाहा उपाध्यक्ष दशरथ कुशवाहा प्रशांत ढेगुला पार्षद अक्कू दुवे रिंकू दुवे आशु शर्मा, सहित समाज के नागरिक और भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माना

नवभारत न्यूज

**दतिया, 9 अप्रैल।** मीडिया प्रभारी अधिकारी एवं प्रकरण में पेरवीकर्ता सुश्री संचिता अवस्थी विशेष लोक अभियोजक पाक्सों एक्ट जिला दतिया द्वारा बताया गया कि विशेष न्यायाधीश, पाक्सो एक्ट श्रीमती मंजूषा तेकाम द्वारा प्रकरण में निर्णय पारित करते हुए आरोपी रामजी प्रजापति को धारा 74, 115(2) बी.एन.एस तथा धारा 7/8 पाक्शो अधिनियम में 3 वर्ष व 3 माह के साश्रम काराबास और 4000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

उन्होंने बताया कि पीडिता द्वारा थाना कोतवाली में उपस्थित होकर अभियुक्त रामजी प्रजापति के विरूद्ध आवेदन दिया कि 31 अगस्त 2024 को दोपहर 12 बजे की बात है वह बाजार जा रही थी तभी बाजार में पीछे से पड़ोस में रहने वाले रामजी प्रजापति आया और बुरी नियत से हाथ पकड़ लिया। जब उसने बात करने से मना किया तो रामजी प्रजापति ने उसे पीठ व गाल में थप्पड़ मारने लगा इतने में पीड़िता की बढ़ी बहन आ गई। उसे देखकर रामजी जाने लगा और जाते ही उसने कहा कि मुझसे फोन पर बात करना नहीं तो जान से खत्म कर दूंगा। घटना की पूरी जानकारी पीड़िता ने माता-पिता को बताई पीड़िता द्वारा की गई। रिपोर्ट के आधार पर थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध किया गया। विचारण के दौरान प्रस्तुत किये गये साक्ष्य और दस्तावेजों के आधार पर अभियुक्त को शिक्षाप्रद दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया। अभियोजन के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य पर विश्वास करते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी को दण्ड से दण्डित किया गया।

# सनातन धर्म को मजबूत बनाने का कार्य कर रहे-केंद्रीय मंत्री बघेल

नवभारत न्यूज

**दतिया, 9 अप्रैल।** मेरा अपना सौभाग्य है कि मुझे पंडोखर धाम में आकर पंडोखर धाम सरकार का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है और यहां पर जो लगातार धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम चल रहे हैं तो ऐसे कार्यक्रम भारत की संस्कृति आध्यात्म गीता पुराण रामायण उपनिषद भारत की रीति रिवाज और परंपराओं को अक्षुण बनाने का कार्य कर रहे हैं। इस लिए एक सनातनी होने के नाते मैं पंडोखर सरकार का आभार करना चाहूंगा कि ऐसे कार्यक्रम से भारत की एकता अखंडता भाईचारा और सद्भाव भी मजबूत होता है। उक्त बात मत्स्य पालन एवं डेयरी तथा पंचायती राज्यमंत्री एस.पी. सिंह बघेल ने गुरुवार को 30 वें पण्डोखर सरकार धाम महोत्सव एवं श्रीराम महायज्ञ में कही।

पंडोखर धाम में मंत्री श्री बघेल ने सर्वप्रथम बालाजी पंडोखर सरकार की पूजन अर्चन कर आरती की। उपरांत श्री राम महायज्ञ शाला में पहुंचकर यज्ञ नारायण भगवान की परिक्रमा कर मेला क्षेत्र का भ्रमण किया।



भ्रमण के उपरांत श्रद्धा मंच पर मंचासीन पण्डोखर धाम पीठाधीश्वर श्री गुरु शरण जी महाराज से भेंट कर आशीर्वाद ग्रहण किया। पंडोखर धाम में पधारे मंत्री श्री बघेल का श्री गुरु शरण जी महाराज ने श्रद्धा मंच पर पंडोखर सरकार की तस्वीर एवं अंग वस्त्र बैठकर स्वागत किया गया इस मौके पर इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामकुमार शर्मा मुकेश गुप्ता सहित धाम के अन्य सेवक एवं बड़ी संख्या में यज्ञ में आए श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# खेल हमें जीवन में अनुशासन सिखाते हैं-पूर्व विधायक

नवभारत न्यूज

**दतिया, 9 अप्रैल।** खेलों से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है, खेल के मैदान से व्यक्ति जीवन में अनुशासन, खेल भावना और आपसी सोहार्दय सीखता हैं। खेलों से हमारा शारिरिक और मानसिक विकास होता हैं। ग्रामीण खेलों में कुश्ती बहुत लोकप्रिय खेल हैं, इसकी लोकप्रियता आज भी बरकरार है, मैं दंगल प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ उक्त बात पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने गुरुवार को ग्राम सुखदेव पुरा में मंदिर पर



आयोजित वार्षिक मेला एवं दंगल प्रतियोगिता में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर कही।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण मेले हमारी संस्कृति की धरोहर है, जो समाज में समरसता लाकर आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजकों की सराहना की। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच रघुराज सिंह गुर्जर, पूर्व सरपंच चुखरू, हरि सिंह कुशवाह आदि ने श्री सिंह का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत सम्मान किया। श्री सिंह के साथ यश राजा धीरपुरा उपस्थित रहे।

# लिटिल फ्लावर स्कूल को कारण बताओ नोटिस जारी, निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकें चलाने पर हुई कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**दतिया, 9 अप्रैल।** निजी स्कूलों द्वारा एनसीईआरटी एवं एससीईआरटी की पुस्तकों के स्थान पर निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकें चलाने की शिकायतों पर कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखड़े द्वारा संज्ञान लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को जांच करने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देशों के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक द्वारा जांच की गई। जिसमें पाया गया कि लिटिल फ्लावर स्कूल द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए मनमाने तरीके से निजी प्रकाशकों की पुस्तकों को विधालय में लागू किया जा रहा है। जिससें अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक भार पड़ रहा है।

उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री वानखड़े के निर्देशानुसार लिटिल फ्लावर स्कूल ऑफ एक्सीलेंस को कारण बताओं सूचना पत्र जारी कर सात दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। संतुष्टि पूर्वक जबाव प्राप्त न हो पाने की स्थिति में मान्यता समाप्ति की कठोर कार्यवाही की जायेगी। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है शासन के निर्देशों एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का पालन करना अनिवार्य है तथा विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के हित के साथ किसी भी प्रकार का समक्षैता वर्दाशत नहीं किया जायेगा।

# एसएससी (सीजीएल) परीक्षा में सफलता पर साधना दांगी का सरपंच पाण्डेय ने किया सम्मान

नवभारत न्यूज

**भाण्डेर, 9 अप्रैल।** ग्राम की प्रतिभाशाली बेटी साधना दांगी ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर एसएससी (सीजीएल) परीक्षा में सफलता प्राप्त कर आयकर विभाग में कर सहायक (टैक्स असिस्टेंट) के पद पर नियुक्ति हासिल की है। वर्तमान में वे गुजरात में पदस्थ होकर अपनी सेवाएं दे रही हैं।

साधना दांगी, पिता कमलेश दांगी एवं माता मालती दांगी की




सुपुत्री हैं। उन्होंने रक्षा महालेखा परीक्षक के अंतर्गत एसएससी (सीजीएल) परीक्षा उत्तीर्ण कर यह उपलब्धि हासिल की है। ग्राम पंचायत के सरपंच पंकज पांडे ने साधना दांगी के घर पहुंचकर उनका सम्मान किया। उन्होंने कहा कि साधना की सफलता क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा है और बेटियां भी हर क्षेत्र में आगे बढ़कर नाम रोशन कर रही हैं। ग्रामीणों ने भी साधना की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और समर्पण से यह साबित होता है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।

# भाजपा सर्वसमाज के विकास के लिए कार्य कर रही है-जगदीश यादव

नवभारत न्यूज

**दतिया, 9 अप्रैल।** भाजपा के शासन में चारों और विकास हुआ है सरकार ने जो बायदा चुनाव के समय किया था वह पूरो हो रहा है। केन्द्र एवं प्रदेश की सरकार का लक्ष्य है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे भारतीय जनता विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है जो सर्व समाज के विकास के लिए कार्य कर रही है। उक्त बात भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के आवाहन पर गांव बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत आज गुरुवार को दतिया विधानसभा क्षेत्र के



उदगुवा मंडल के ग्राम सिकंदरा में गांव वस्ती चलो अभियान के चौपाल कार्यक्रम पूर्व मण्डल अध्यक्ष जगदीश यादव ने कही।

मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाहा और भाजपा जिला महामंत्री अतुल भूरे चौधरी मौजूद रहे कार्यक्रम के अतिथियों द्वारा पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारत माता और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में आभार व्यक्त मंडल अध्यक्ष हरिराम पाल के द्वारा किया गया इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष नंदकिशोर यादव मंडल उपाध्यक्ष परमेश्वरी दास कुशवाहा सत्येंद्र यादव कपिल पांडे शिवकुमार कुशवाहा जसवंत अहिरवार जयप्रकाश मिश्रा अशोक परिहार विजय सिंह राजपूत सहित ग्रामीण जन चौपाल चर्चा में मौजूद रहे।

# बिजली के फाल्ट से गेंहू की खड़ी फसल जली

नवभारत न्यूज


**दतिया, 9 अप्रैल।** ग्राम भरौली मौजा में बुधवार को बिजली के शॉर्ट सर्किट होने के कारण किसानो की 20 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई सूचना पर पीड़ित किसानों के बीच पहुंचे विधायक प्रदीप अग्रवाल ने किसानो के हुए नुकसान पर उन्हें शासन से नुकसान का मुआवजा एवं खुद मदद करने का आश्वासन दिया। ग्राम भरौली में शॉर्ट सर्किट होने के कारण किसान पातीराम जाटव, मामा गुर्जर, रामनारायण, ज्येंद सिंह गुर्जर, कमलेश, लक्ष्मीकांत, सीताराम एवं और के खेत में खड़ी 20 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई ग्राम भर्रोली में बिजली के फाल्ट से गेंहू की



खड़ी फसल जल जाने पर सेंवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल किसानों के साथ उनके खेतों पर पहुंचे, जहाँ उन्होंने दूरभाष पर राजस्व विभाग के अधिकारीयों को निर्देश देते हुये कहा कि किसानों की फसल पूरी जल गई है, शीघ्र इनका सर्वे कर रिपोर्ट देवें ताकि सरकार से किसानों को मुआवजा राशि दिलाई जा सके। साथ ही उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी अपनी निधि से इन किसानों को आर्थिक सहायता देंगे।

इस अवसर पर विधायक अग्रवाल के साथ राम बहादुर सिंह गुर्जर, संतोष खटीक, राघवेंद सिंह गुर्जर के अलावा ग्रामवासी ज्येंद्र सिंह गुर्जर, रामनारायण सिंह गुर्जर, पातीराम जाटव, प्रभात श्रीवास्तव, कमलेश दुबे, आदि उपस्थित रहे।

# ग्राम, बस्ती अभियान में गांव, गांव पहुंचें भाजपा कार्यकर्ता- पिरोनिया



नवभारत न्यूज

**दतिया, 9 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा आप सबके आशीर्वाद से जो जिम्मेदारी दी गई है उसका निष्ठा पूर्वक पालन कर भारतीय जनता पार्टी एवं केंद्र की मोदी सरकार और मध्य प्रदेश की मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार की जनहितैसी योजनाओं को जनमानस तक पहुंचाने का कार्य हम सब लोग मिलकर करेंगे। उक्त बात पूर्व विधायक नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता विधायक पिरोनिया ने आयोजित कार्यक्रम में कही। श्री पिरौनिया का गुरूवार को दतिया में बरार बंशकार धानुक समाज उनाव एवं इमलिया मण्डल में स्वागत किया गया।

श्री पिरौनिया ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा ग्राम बस्ती अभियान में भाजपा के बरिष्ठ नेताओं का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति के कल्याण के उद्देश्य की पूर्ति हेतु काम कर रही है। इस अवसर उनाव मंडल अध्यक्ष दिनेश शर्मा घरावा, रुपेश पंसारी, अरविंद सिंह दांगी, सुनील पंडा, जीतू पंडा, संदेश मुखरैया, सहित वंशकार समाज के अनेक समाज बंधु उपस्थित थे।


## आम सूचना

श्री दीपक सिंह पुत्र श्री रामबाबू के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड स्थित शिशोनपुरा, ग्राम इंदरगढ़, प.ह.नं.24, तहसील इंदरगढ़ व जिला दतिया (म.प्र.) है जो नगर पंचायत सेंवढ़ा वार्ड क्र.14 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र. 1604 / मिन - 1 ग्राम इंदरगढ़ का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-भूमि खान, पश्चिम में-रास्ता 12 फुट चौड़ा, उत्तर में-भूमि श्री जय सिंह एवं दक्षिण में-भूखण्ड श्री शुभम श्रीवास्तव है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री बादाम सिंह पुत्र श्री पूरन सिंह कमरिया एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री बादाम सिंह द्वारा सम्पत्ति रकवा 0.230 हैक्टेयर एरिया श्री जय सिंह पुत्र श्री जहान सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी09592015ए1193721 दिनांक 05.12.2015 से विक्रय की गई। श्री जय सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री छक्कीलाल पुत्र श्री मगनलाल को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी09602016ए1397375 दिनांक 30.06.2016 से विक्रय की गई। श्री छक्कीलाल लोधी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री दीपक सिंह पुत्र श्री रामबाबू को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी09602020ए 18950336 दिनांक 17.12.2020 से विक्रय की गई। श्री दीपक सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान टायगर होम फायनेन्स प्राइवेट लिमिटेड, दतिया के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृप्या सूचित हो।

प्रेषक

**नीरज जैन, एडवोकेट**

कार्या. - भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)

मो.नं. 98276-72710



**नोटिस निस्वत दिखाने वजह के (आमतौर पर आम)**

न्यायालय श्रीमान अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या 20 आगरा।

प्रा. प. स. - सन 2026

फौजदारी रिवीजन संख्या 928/25

शिवदत्त पुत्र श्री जगदीश प्रसाद 8/153E6B न्यू लॉयर्स कॉलौनी आगरा 282005 **बनाम**

उ. प्र. राज्य अ. धारा - 333, 334, 336, 337 थाना न्यू आगरा, आगरा

1. कन्हैया लाल पाटीदार पुत्र भंवर लाल पाटीदार नि. जी.एम. 290 सेक्टर G दीन दयाल नगर ग्रिड ग्वालियर रेजीडेंसी ग्वालियर म.प्र.

2. वनवारी लाल वघेल पुत्र रामवीर सिंह वघेल नि. 133 अभिनयक काम्पलैक्स सारदा विहार ग्वालियर म. प्र.

ने दरख्वास्त इस अदालत में गुजरानी है कि लिहाजा आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अदालत या किसी वकील के जो हालात मुक्कदमा से वखुवी वाफिक हो तारीख 16.04.2026 व वक्त 10 बजे इस अदालत में हाजिर होकर दरख्वास्त के खिलाफ वजह दिखावे। अगर एसा न करेंगे तो दरख्वास्त के मजकूर को गैर हाजिर में एक तरफा समाप्त होगी।

आज व तारीख 30 माह 3 सन 2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया।

अपर जिला जज 20


# देशभक्ति धुनों के साथ पुलिस बैंड द्वारा आरक्षक भर्ती 2026 हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**दतिया, 9 अप्रैल।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा आरक्षक (बैंड) भर्ती के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से 8 अप्रैल से 19 अप्रैल तक भोपाल सहित विभिन्न जिले के सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस बैंड की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जा रही हैं गुरूवार को सेंकड बटालियन ग्वालियर की पुलिस बैंड टीम द्वारा दतिया के झांसी चुंगी पर आकर्षक बैंड प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दतिया सूरज कुमार वर्मा द्वारा पुलिस बैंड के अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया। उन्होंने उपस्थित युवाओं एवं आमजन को भर्ती प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए अधिक से अधिक संख्या में आवेदन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर एसडीओपी अनुभाग दतिया



श्रीमती आकांक्षा जैन, सूबेदार अजय वर्मा सहित जिले के अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि आरक्षक (बैंड) भर्ती के कुल 679 पदों हेतु आवेदन प्रक्रिया दिनांक 05 अप्रैल से 19 अप्रैल तक एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जारी है। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेश के युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में आवेदन करने की अपील की गई है।